Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 06-12-2006

Participants : Pathak Shri Brajesh

an>

Title: Need to ensure that the process of agricultural land acquisition is not continued by the Uttar Pradesh State Industrial Development Corporation in Unnao, Uttar Pradesh.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : महोदय, लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव के किसानों की भूमि को अधिग्रहीत किया जा रहा है तथा कानपुर के विकास के लिए भी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम, यूपीएसआईडीसी, द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव के किसानों की भूमि को अधिग्रहीत किए जाने की योजना है। वर्तमान में अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि का बाजारी दर 8 लाख रूपये प्रति बीघा के आसपास है। लेकिन लखनऊ औद्योगिक विकास प्र ाधिकरण एवं यूपीएसआईडीसी द्वारा अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि की दर बहुत ही कम जो कि नाम मात्र की है, दिया जाना प्र ास्तावित है।

मेरा संसदीय क्षेत्र उन्नाव एक बहुत ही अत्यधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है और मेरे क्षेत्र के कृाकों की आय का एकमात्र साधन भी केवल कृाि भूमि ही है। उनकी भूमि अधिग्रहीत किए जाने के पश्चात इन कृाकों की जीविका का सहारा छूट जाएगा। इस प्रकार से लखनऊ और कानपुर के विकास के लिए मेरे पिछड़े हुए संसदीय क्षेत्र उन्नाव के गरीब कृाकों की भूमि को अधिग्रहीत किया जाना उचित नहीं है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह मेरे पिछड़े हुए संसदीय क्षेत्र उन्नाव के गरीब कृाकों की भूमि को अधिग्रहीत न किये जाने हेतु राज्य सरकार को निर्देश प्रदान करें।